विश्राम कक्ष–मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कुशीनगर स्थान पडरौना।

आदेश

दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को माननीय जनपद न्यायाधीश, कुशीनगर से विचार विमर्श करने के पश्चात अवकाश के दिनों में समस्त फौजदारी न्यायालय के क्षेत्राधिकार से सम्बन्धित रिमाण्ड कार्य हेतु ड्यूटी माह अगस्त, 2023 से माह दिसम्बर, 2023 तक माहवार जजशिप–कुशीनगर में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण की रिमाण्ड ड्यूटी लगायी गयी थी तथा **माह नवम्बर, 2023** के पूरे माह की रिमाण्ड ड्यूटी हेतु **श्री अंशुमान,** प्रथम अतिरिक्त सिविल जज (जू०डि०), कसया को नामित किया गया है तथा श्री अंशुमान के प्रशिक्षण में रहने के कारण केवल दिनांक **05–11–2023** को **श्री शान्तनु तंवर**, सिविल जज (जू०डि०), कुशीनगर, स्थान–पडरौना की रिमाण्ड कार्य हेतु ड्यूटी लगायी गयी थी परन्तु **श्री शान्तनु तंवर**, पीठासीन अधिकारी न्यायालय–सिविल जज (जू०डि०), कुशीनगर, स्थान–पडरौना द्वारा इस आशय का पत्र प्रेषित किया गया है कि दिनांक 05–11–2023 को उन्हें अति आवश्यक कार्यवश गोरखपुर जाना है तथा दिनांक 05–11–2023 के रिमाण्ड ड्यूटी हेतु **श्रीमती नितिका महाजन**, सिविल जज (जू०डि०), कसया, कुशीनगर द्वारा अपनी स्वीकृति प्रदान की गयी है।

चूंकि दिनांक 05–11–2023 की रिमाण्ड ड्यूटी हेतु **श्रीमती नितिका महाजन,** सिविल जज (जू०डि०), कसया, कुशीनगर द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। अतः केवल दिनांक **05–11–2023** के लिये **श्रीमती नितिका महाजन,** सिविल जज (जू०डि०), कसया को नामित किया जाता है। चूंकि **श्री सुनन्दन गोयल,** न्यायिक मजिस्ट्रेट, कुशीनगर, स्थान–पडरौना की रिमाण्ड ड्यूटी पूर्व से ही माह **दिसम्बर, 2023** में नियत है, जो यथावत रहेगी।

तदनुसार सभी सम्बन्धित अविलम्ब सूचित हो।

दिनांक/कुशीनगर
नवम्बर 04, 2023

(प्रशान्त कुमार द्वितीय)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
कुशीनगर, स्थान–पडरौना।

इस आदेश की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित हो।

1– माननीय जनपद न्यायाधीश, कुशीनगर
2– पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर
3– जिलाधिकारी, कुशीनगर
4– सिविल जज (जू०डि०)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट, कुशीनगर, स्थान–पडरौना
5– सिविल जज (जू०डि०) /न्यायिक मजिस्ट्रेट, कसया,
6– न्यायिक मजिस्ट्रेट, कुशीनगर, स्थान–पडरौना।
7– संयुक्त निदेशक अभियोजन, कुशीनगर
8– अध्यक्ष, सिविल कोर्ट बार एसोशियेशन, कसया
9– अध्यक्ष, सिविल कोर्ट बार एसोशियेशन, कुशीनगर

दिनांक/ कुशीनगर
नवम्बर 04, 2023

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
कुशीनगर, स्थान–पडरौना